# राज्यपाल सचिवालय
# राजभवन, जयपुर

क्रमांक एफ.20 ( )/आरबी/ई–टेण्डरिंग/उद्यान/1014 दिनांकः 06 फरवरी, 2020

***ई–बोली आमंत्रण सूचना संख्या –11/2019–20***

(e-bid Invitation Notice - 11/2019-20)

राजभवन जयपुर के उद्यान में उद्यानिक कार्य हेतु ई–बोली आमन्त्रित की जाती है, जो दिनांक 07.02.2020 को प्रातः 11.00 बजे से वेबसाईट http://www.rajbhawan.rajasthan.gov.in/ http://sppp.rajasthan.gov.in अथवा http://eproc.rajasthan.gov.in से डाउनलोड करके दिनांक 26.02.2020 को प्रातः 12.00 बजे तक निर्धारित दस्तावेजो के साथ ऑन लाईन इलैक्ट्रोनिक फारमेट में वैबसाईट http://eproc.rajasthan.gov.in में प्रस्तुत की जा सकती है। डाउनलोड करके ऑन लाईन प्रस्तुत की गई बोली की निर्धारित बोली शुल्क, प्रोसेसिंग फीस एवं निर्धारित बोली प्रतिभूति राशि के बैंकर चैक/डिमाण्ड ड्राफ्ट को स्केन करके प्रस्तुत करना होगा तथा दिनांक 26.02.2020 को दोपहर 1.00 बजे तक इस कार्यालय में भौतिक रूप से उपस्थित होकर प्रोसेसिंग फीस, बोली शुल्क एवं बोली प्रतिभूति राशि के पृथक–पृथक मूल बैंकर चैक/डिमाण्ड ड्राफ्ट जमा कराने होंगे, इनके अभाव में सम्बन्धित फर्म की क्वालीफाईंग बिड नहीं खोली जावेगी। ई–बोली की क्वालीफाईंग बिड दिनांक 26.02.2020 को सायं 3.00 बजे उपस्थित निविदादाताओं / उनके प्रतिनिधियों के समक्ष राजभवन कार्यालय में खोली जावेगी।

बोली की मुख्य शर्तें एवं विवरण राजभवन की वैबसाईट http://www.rajbhawan.rajasthan.gov.in अथवा राजस्थान सरकार के राज्य लोक उपापन पोर्टल http://sppp.rajasthan.gov.in अथवा http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखे जा सकते हैं।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अवधि | कार्य की अनुमानित राशि रूपये (समस्त करों सहित) | बोली प्रतिभूति राशि रूपये | बोली दस्तावेज राशि रूपये | प्रोसेसिंग फीस रूपये |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | राजभवन, जयपुर के उद्यान में उद्यानिकी कार्य | एक वर्ष | 14,50,000 | 29,000 | 500 | 500 |

6/2/2020
( संध्या शर्मा )
वित्तीय सलाहकार

क्रमांक एफ.20 ( )/आरबी/ई–टेण्डरिंग/उद्यान/1015 – 1019 दिनांकः 06 फरवरी, 2020

प्रतिलिपि : निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–

1. निदेशक, सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग, शासन सचिवालय, जयपुर को एक राज्य स्तरीय व एक क्षेत्रीय मुख्य दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशन हेतु।
2. कन्ट्रोलर, राज्यपाल हाऊसहोल्ड, राजभवन, जयपुर।
3. प्रभारी अधिकारी (**IT**), राजभवन, जयपुर को ई–बोली आमन्त्रण सूचना दस्तावेज को राजभवन पोर्टल **www.rajbhawan.rajasthan.gov.in** तथा राज्य सरकार के स्टेट पोर्टल **http://sppp.rajasthan.gov.in** पर शीघ्र अपलोड कराने हेतु।
4. सहायक निदेशक जन सम्पर्क (प्रकोष्ठ), राजभवन, जयपुर, को निदेशालय जन सम्पर्क विभाग, शासन सचिवालय, जयपुर से समन्वय स्थापित कर शीघ्र प्रकाशन कराने हेतु।
5. पुस्तकालयाध्यक्ष, राजभवन, जयपुर को खुली निविदा सूचना विज्ञापन के प्रकाशित दैनिक समाचार पत्रों की कटिंग कर लेखा शाखा में भिजवाये जाने की व्यवस्था कराने हेतु।
6. नोटिस बोर्ड, राजभवन, जयपुर।

( संध्या शर्मा )
वित्तीय सलाहकार

परिशिष्ट "अ"

राज्यपाल सचिवालय

राजभवन, जयपुर

***बोली की मुख्य शर्ते***

(Main Conditions of Bid)

1. यह द्वि–प्रक्रमी बोली है, जिसमें क्वालीफाईंग बिड व फायनेन्शियल बिड पृथक–पृथक प्रपत्रों में प्रस्तुत की जानी है। निर्धारित बोली दस्तावेज शुल्क एवं बोली प्रतिभूति राशि Financial Advisor, राज्यपाल सचिवालय, जयपुर के पक्ष में देय पृथक–पृथक बैंकर चैक/डिमाण्ड ड्राफ्ट के रूप में जमा करानी होगी।
2. *प्रोसेसिंग फीस राशि रूपये 500/– Manager Director R.I.S.L. के नाम जारी बैंकर चैक/डिमाण्ड* ड्राफ्ट के रूप में पृथक से जमा करानी होगी।निर्धारित बोली शुल्क, बोली प्रतिभूति राशि एवं प्रोसेसिंग फीस के अलग–अलग बैंकर चैक/डिमाण्ड ड्राफ्ट को ऑन लाईन बोली के साथ स्केन करके प्रस्तुत करना होगा तथा दिनांक 06.02.2020 को दोपहर 1.00 बजे तक राजभवन कार्यालय में उपस्थित होकर भौतिक रूप से बोली शुल्क, बोली प्रतिभूति राशि एवं प्रोसेसिग फीस के बैंकर चैक/डिमाण्ड ड्राफ्ट जमा कराने होंगे। निर्धारित बोली शुल्क, बोली प्रतिभूति राशि, प्रासेसिग फीस के अभाव में क्वालीफाईंग बिड़ नहीं खोली जावेगी। बोली दस्तावेज शुल्क एवं प्रोसेसिंग फीस किसी भी परिस्थिति में नहीं लौटाया जायेगा।
3. उपापन समिति द्वारा क्वालीफाईंग बिड परीक्षण के पश्चात योग्य पाये जाने वाले बोली दाताओं को फायनेंशियल बिड खोलने की तारीख व समय से पृथक से अवगत करा दिया जावेगा। निर्धारित समय पर उपस्थित बोलीदाताओं अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष फायनेंशियल बिड खोली जावेगी।
4. जो बोलीदाता ई–बोली (e-Bid) में भाग लेना चाहते है,सर्वप्रथम उन्हे वैबसाईट **http://eproc.rajasthan.gov.in** पर पंजीकरण कराना होगा। उसके पश्चात जो बोलीदाता ऑनलाईन बोली में भाग लेना चाहते है, उन्हे सूचना प्रौधोगिकी अधिनियम 2000 (I.T. Act 2000) के तहत डिजीटल साइन सर्टिफिकेट (Type II & Type III) लेना होगा। बोलीदाता किसी भी अनुमोदित सी.सी.ए. **(Certificate Certifying Authority)** एजेन्सी से डिजीटल साइन सर्टिफिकेट बनवा सकते है। जिन बोलीदाताओ के पास पहले से ही उक्तानुसार वैध डिजीटल साइन सर्टिफिकेट उपलब्ध है, उन्हें पुनः डिजीटल साइन सर्टिफिकेट लेने की आवश्यकता नहीं है।
5. जो बोलीदाता ई–बोली में भाग लेना चाहते है वे वांछित दस्तावेजों के साथ वैबसाईट **http://eproc.rajasthan.gov.in** पर ऑन लाईन इलैक्ट्रोनिक फोरमेंट में निर्धारित दिनांक 06.02.2020 प्रातः 12.00 बजे तक बोली प्रस्तुत कर सकते है।
6. राज्य से बाहर स्थित फर्म की दरें न्यूनतम आती है तो राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता नियम 2013 के नियम 66 एवं प्रोक्योरमेन्ट ऑफ गुड्स (प्रीफरेन्स टू एम.एस.एम.ई ऑफ राजस्थान) नियम 2015 अधिसूचना दिनांक 19.12.2015 के बिन्दु संख्या 4 के अनुसार सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों को मूल्य वरीयता प्रदान की जायेगी।
7. आयकर के पेन नं. (Permanent Account Number) व वस्तु एवं सेवाकर (GST) पंजीयन प्रमाण–पत्र की सत्यापित प्रति क्वालीफाईंग बिड के साथ संलग्न करनी होगी।
8. समस्त प्रमाण–पत्र हिन्दी अथवा अंग्रेजी में होने चाहिए। अन्य किसी भाषा में प्रमाण–पत्र है तो वह हिन्दी अथवा अंग्रेजी में अनुवादित व सत्यापित होना चाहिए।
9. दरों की वैधता–प्राईस बिड खुलने की तिथि से 90 दिन तक विधिमान्य होगी।
10. यदि कोई बोलीदाता उद्यान संधारण कार्य करने में असफल रहता है और उसकी सम्पूर्ण बोली प्रतिभूति या सम्पूर्ण कार्य सम्पादन प्रतिभूति या यथा स्थिति, उसका कोई भी प्रतिस्थापन किसी उपापन संस्था द्वारा किसी भी उपापन प्रक्रिया या उपापन संविदा में समपह्रत कर लिया गया है तो बोली लगाने वाले को उपापन संस्था द्वारा हाथ में ली जाने वाली किसी भी उपापन प्रक्रिया में भाग लेने से तीन वर्ष से अनधिक की कालावधि के लिए विवर्जित किया जा सकेगा।
11. राजस्थान दुकान एवं वाणिज्यिक संस्थान अधिनियम 1958 या इंडियन पार्टनरशिप एक्ट 1932 के अंतर्गत या इंडियन कम्पनी एक्ट 1956 के अंतर्गत या अन्य सरकारी संस्थान से पंजीयन प्रमाण–पत्र की प्रति क्वालीफाईंग बिड के साथ सलग्न करनी होगी।

(14

12. बोली के साथ सभी वांछित दस्तावेज/प्रमाण पत्र बोली जमा कराने की अंतिम तिथि को वैध होने चाहिए।
13. विस्तृत शर्तों के लिए विभागीय बोली परिशिष्ट –अ,ब,स तथा द एवं अनुलग्नक–अ,ब,स का सावधानीपूर्वक अध्ययन करके बोली में भाग ले सकते है। उक्त मुख्य शर्तों एवं विभागीय बोली परिशिष्ट अ,ब,स एवं द तथा अनुलग्नक – अ,ब,स में उल्लेखित शर्तों के विपरीत कोई शर्त स्वीकार नहीं की जायेगी। सभी विभागीय बोली शर्तों की स्वीकार करने के प्रमाण स्वरूप परिशिष्ट द एवं अनुलग्नक अ,ब,स डाउन लोड करने के बाद हस्ताक्षर उपरान्त ई–बोली के साथ स्कैन कर संलग्न करने होंगें। इसके अभाव में बोली निरस्त कर दी जावेगी। यदि किसी बोलीदाता ने विभागीय शर्तों के विपरीत कोई शर्त लगाई है तो वह बोली निरस्त कर दी जायेगी और ई–बोली में उसके आगे के चरण Stages को नहीं खोला जावेगा।
14. फर्म द्वारा मजबूत एवं पुष्ट आधार प्रस्तुत करने पर ही विभागीय उपापन समिति किसी प्रकरण विशेष में गुणावगुण के आधार पर यदि उचित समझती है या किसी प्रक्रियात्मक त्रुटि के कारण प्रतिस्पर्धा बाधित होती है तो वांछनीय दस्तावेज एवं वांछित स्पष्टीकरण प्राप्त करने का निर्णय ले सकती है।
15. विभागीय उपापन समिति के निर्णयानुसार वित्तीय सलाहकार, राज्यपाल सचिवालय, राजस्थान किसी भी बोली अथवा उसके भाग को बिना कारण बताये अस्वीकार कर सकेंगे।
16. राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता नियम 2013 के तहत प्रथम अपील अधिकारी सचिव, राज्यपाल महोदय, राजस्थान जयपुर होंगे एवं द्वितीय अपील अधिकारी शासन सचिव, मंत्रिमण्डल सचिवालय, शासन सचिवालय, राज. जयपुर होंगे।
17. राजभवन के उद्यान अनुभाग प्रभारी अधिकारी के निर्देशन में उद्यानिकी कार्य यथा समय तुरन्त कराने होगें इस हेतु प्रति दिन किये जाने वाले कार्य के बारें उद्यान अनुभाग प्रभारी अधिकारी से जानकारी प्राप्त कर कार्य कराने के लिए सफल निविदादाता को एक प्रतिनिधी रखना होगा जो नियमित रूप से कार्य करवायेगा।
18. कार्योपरान्त संबंधित अधिकृत अधिकारी से कार्य टास्क बेसिस पर प्रमाणित कराने के आधार पर प्रतिमाह अनुमोदित दरों के अनुसार आनुपातिक भुगतान किया जाएगा।
19. उद्यान संधारण दरें निर्धारित प्रपत्र **परिशिष्ठ 'ई'** में देनी होंगी। सफल बोलीदाता को सन्तोषजनक कार्य होने पर भुगतान प्रतिमाह किया जावेगा।
20. इस कार्य की अवधि अनुबन्ध दिनांक से 1 वर्ष होगी। विशेष परिस्थितियों में आपसी सहमति से RTPP R - 2013 के प्रावधानुसार अवधि बढाई जा सकेगी।
21. सफल निविदादाता की दरें अनुमोदित होने के बाद निर्धारित प्रारूप में रूपये 1000/– के स्टाम्प पेपर पर अनुबंध करना होगा।
22. यदि अनुमोदित ठेकेदार अनुबंध की शर्तों के अनुसार कार्य सम्पादित करने में असफल रहा तो ठेका तुरन्त प्रभाव से निरस्त कर दिया जावेगा।
23. ठेकेदार ठेके को या उसके किसी भाग को अन्य किसी ठेकेदार/संस्था को नहीं देगा अर्थात सबलेट नहीं करेगा।
24. विभाग को यह अधिकार होगा कि वह न्यूनतम दर वाले प्रस्ताव के अतिरिक्त अन्य किसी प्रस्ताव को स्वीकार कर सकता है तथा किसी भी निविदा को बिना कोई कारण बताए निरस्त कर सकता है।
25. कन्ट्रोलर राजभवन/उद्यान अधिक्षक या उन्हीं की ओर से अधिकृत अधिकारी/कर्मचारी किसी भी समय कार्य का निरीक्षण करते है और कोई भी कमी पाई जाती है तो विभाग द्वारा तुरन्त प्रभाव से कार्य बंद करवाने की कार्यवाही की जा सकती है।
26. ठेका संबंधी समस्त पत्राचार **कन्ट्रोलर, राजभवन राजस्थान जयपुर,** के नाम करना होगा। ठेके के संबंध में किसी भी प्रकार की वैधानिक कार्यवाही जयपुर में ही मान्य होगी।
27. निविदादाता निविदा देने से पूर्व राजभवन में उपस्थित होकर उद्यान अधीक्षक से कार्यों की जानकारी प्राप्त कर उद्यानों का निरिक्षण कर सकते हैं।
28. ठेकेदार द्वारा समय पर कार्य नहीं करने की स्थिति में विभाग को अन्य किसी भी संस्था/ठेकेदार से अनुमोदित ठेकेदार की जोखिम पर कार्य करवाने का पूर्ण अधिकार होगा।
29. ठेकेदार को आदेश मिलने के तुरन्त बाद कार्य आरम्भ करना होगा। यदि आदेश मिलने के 7 दिवस में कार्य आरम्भ नहीं किया जाता है तो उसकी अमानता राशि जब्त कर ली जावेगी व ठेका रद्द कर दिया जावेगा।

14

30. संवेदक द्वारा नियोजित श्रमिक आपराधिक प्रवृत्ती के नही हों , चाल– चलन व चरित्र सही हो एवं यदि ठेकेदार द्वारा कार्य करने के दौरान संबंधित उद्यान की चल–अचल संपति को नुकसान पहुंचाया गया तो उसकी वसूली ठेकेदार से की जावेगी।
31. उक्त ठेके के अनुबंध में यदि किसी प्रकार का विवाद उत्पन्न हुआ तो सचिव, राज्यपाल राजस्थान, जयपुर का निर्णय अन्तिम व बाध्यकारी होगा।
32. संवेदक को उद्यान संधारण संबंधी समस्त कार्य समय पर करवाने होंगे। अपेक्षित प्रमुख कार्यों का विवरण निम्न प्रकार है :–

i. लॉन क्षेत्रफल 7296 वर्ग मीटर में कटिंग कराना, एज बनाना व खरपतवार निकालने सहित समस्त संधारण कार्य।

ii. क्यारियों में फुलवारी, पौधे, सर्किल में लगे पौधों का क्षेत्रफल 2646 वर्ग मीटर एवं एकल ग्रुप में लगे पौधों तथा हैज आदि का क्षेत्रफल 5858 वर्गमीटर आदि में निराई–गुडाई खुदाई करना, क्यारियों में तथा एकल ग्रुप में लगे पेड़ पौधों, फुलवारी–गुलाब की क्यारियों के पौधों एवं मौसमी फुलवारी की क्यारियां तैयार करना एवं फुलवारी लगाने, लॉन के ऐज बनाना, लॉन में से खरपतवार निकालने सहित समस्त संधारण कार्य ।

iii. विभाग द्वारा उपलब्ध कराये जाने वाले पेड पौधों को लगाना, पानी देना, पौधों के थापले बनाना, खाद–कीटनाशक मिलाना, किटनाशक स्प्रे करना, हेज कटिंग करना, लॉन कटिंग माह में कम से कम दो बार, बारिश में चार बार तथा हेज कटिंग निर्देशानुसार करना एवं आवश्यकता पडने पर दो बार या इससे ज्यादा बार गमलों पर समोसन से रंग करने का कार्य सम्मिलित है। उक्त के सम्बन्ध में अन्य समस्त कार्य निर्देशानुसार करना तथा राजभवन में समारोहों पर पुष्प राजावट में सहयोग सम्मिलित है।

33. संवेदक को कार्य प्रारम्भ करने से पहले उसे उद्यान में रखे गमलों एवं वहां पर लगे पेड पौधों, लॉन की स्थिति, चल–अचल सम्पत्ति का चार्ज विभाग के उद्यान अधीक्षक/प्रभारी उद्यान से लेना होगा। ठेका अवधि में अगर संवेदक की लापरवाही से किसी सामान को नुकसान हुआ अथवा पेड पौधे सूख गए या नष्ट हो गये तो संवेदक स्वयं के खर्चे से उसी ब्राण्ड का सामान अथवा उसी प्रजाति के पेड–पौधे नये लगायेगा अन्यथा इनकी कीमत आंक कर बिल राशि में से अथवा प्रतिभूति राशि में से काट ली जावेगी।
34. समय–समय पर मौसमी फुलवारी विभाग द्वारा उपलब्ध कराई जावेगी जिसे संवेदक को क्यारियां तैयार कर उनमें यह पौध लगवाने होगे।
35. गोबर का खाद, वर्मी कम्पोस्ट, कीटनाशक दवाईयाँ आवश्यकतानुसार विभाग द्वारा उपलब्ध करवाई जावेगी जिन्हें संवेदक को निर्देशानुसार यथा समय, पौधो व लॉन आदि में डालनी होगी एवं छिड़काव करना होगा।
36. निविदादाता सार्वजनिक निर्माण विभाग /राज्य सरकार अथवा केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों /केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग में उपयुक्त श्रेणी के संवेदक के रूप में पंजीकृत हो तथा उद्यान संधारण का कार्य वी.वी.आई.पी. जगह, शासन सचिवालय/ विधान सभा/राज्यपाल सचिवालय/सा. नि.वि.के बंगला/जयपुर विकास प्राधिकरण आदि में करने का कम से कम 02 वर्ष का अनुभव होना आवश्यक है। इसके प्रमाण में जारी कार्यादेश एवं कार्यपूर्णता प्रमाण पत्र की स्वहस्ताक्षरित प्रति संलग्न करनी होगी।
37. उद्यानों के संधारण कार्य हेतु समय–समय पर काम में आने वाले औजार जैसे फावडा, झाड़ू, गैंती, झारा, कुल्हाडी, हैज कैंची, खुर्पी आदि की व्यवस्था स्वयं संवेदक को करनी होगी।
38. जहां पर विभाग के बोरिंग/पम्पसैट/सबमर्सिबल पम्प स्थित हैं इन्हें चालू व बंद करने का कार्य तकनीकी व्यक्ति के माध्यम से संवेदक स्वयं के खर्चे से कराएगा।
39. राज्य सरकार द्वारा समय –समय पर लागू नियमों एवं वित्त विभाग (जी एण्ड टी ) के परिपत्र दिनांक 30.04.2018 की पालना करनी होगी,जिसकी जिम्मेदारी स्वयं संवेदक की होगी।
40. भुगतान मासिक तौर पर महीना समाप्ति के बाद टास्क बेसिस पर कार्य संतोषप्रद रूप से सम्पन्न किये जाने पर सीधे संवेदक के बैंक खाते में कोषालय के माध्यम से किया जायेगा तथा वसूलियां यदि कोई हो तो उन्हें प्रभारित किया जावेगा।
41. समस्त विधिक कार्यवाही, यदि संस्थित किया जाना आवश्यक हो तो किसी भी पक्षकार (राज्यपाल सचिवालय या ठेकेदार) द्वारा जयपुर में स्थित न्यायालयों में ही पेश की जाएगी, अन्य स्थान पर पेश नहीं की जाएगी।
42. न्यूनतम मजदूरी अधिनियम, 1948 (केन्द्रीय अधिनियम 11, वर्ष 1948) के वैधानिक प्रावधानों की अनुपालना का दायित्व सम्बन्धित संवेदक का होगा।

(14)

43. राजस्थान अनुबंधित श्रमिक (नियमन एवं उन्मूलन) अधिनियम, 1970, कर्मचारी भविष्य निधि अधिनियम, 1952 एवं कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम, 1948 के अन्तर्गत नियमानुसार पंजीकृत संवेदक ही उक्त प्रकार की बोली में भाग लेने हेतु अर्हत होंगे। पंजीकरण प्रमाण–पत्र की सत्यापित प्रतिलिपि पूर्ण रूप से भरे हुए बोली दस्तावेज के साथ सम्बन्धित उपापन संस्था को प्रस्तुत की जायेगी ,यदि नियमों के अन्तर्गत बोलीदाता पंजीकरण बाध्यता की सीमा में नहीं है तो वह वित्त (जी एण्ड टी ) विभाग **के परिपत्र दिनांक 14.11.2018 के अनुसार शपथ–पत्र** प्रस्तुत करते हुये बोली में भाग ले सकता है।

44. संवेदक द्वारा नियोजित श्रमिकों को मजदूरी का भुगतान अनिवार्य रूप से उनके बैंक खातो में ही किया जायेगा। सम्बन्धित संवेदक द्वारा नियोजित श्रमिकों के बैंक खातें में जमा कराई गई राशि का विवरण सम्बन्धित उपापन संस्था को आगामी माह के मासिक बिल के साथ अनिवार्य रूप से प्रस्तुत किया जायेगा। श्रमिकों के बैंक खातों में जमा कराई गई राशि के विवरण बाबत उपापन संस्था की संतुष्टि होने पर ही संवेदक को आगामी माह के बिल का भुगतान किया जायेगा।

45. श्रम विभाग द्वारा निर्धारित न्यूनतम मजदूरी दर के अनुसार श्रमिकों को मजदूरी के भुगतान करने का दायित्व सम्बन्धित संवेदक का होगा।

46. श्रमिकों को निर्धारित न्यूनतम गजदूरी का भुगतान सुनिश्चित करने के लिये संविदा अवधि के दौरान न्यूनतम मजदूरी दर में श्रम विभाग की अधिसूचना से समय–समय पर वृद्वि होने पर उपापन संस्था द्वारा संवेदक को बढ़ी हुई न्यूनतम मजदूरी की सीमा तक अन्तर राशि का भुगतान किया जा सकेगा।

47. संवेदक को राज्य/केन्द्र सरकार की नवीनतम दरों के अनुसार लागू होने पर अपने समस्त श्रमिकों का नियमानुसार ई.पी.एफ. एवं ई.एस.आई जमा कराना होगा, जिसमें नियोजित श्रमिकों की मजदूरी राशि से कटौती और संवेदक का अंशदान शामिल होगा। संवेदक द्वारा अपने आगामी माह के बिल के साथ गत माह के पेटे श्रमिकों के ई.पी.एफ. और ई. एस.आई के अंशदान की राशि नियमानुसार जमा कराये जाने की पुष्टि में सम्बन्धित चालान की प्रति प्रस्तुत किए जाने पर ही संवेदक को आगामी माह के बिल/बिलों का भुगतान किया जायेगा।

48. संवेदक द्वारा प्रत्येक कार्य स्थल पर Display Boards लगाये जायेंगे, जिन पर संवेदक का पूरा नाम, संविदा अवधि, कार्य की प्रगति, श्रमिकों हेतु नम्बर एवं संवेदक द्वारा न्यूनतम मजदूरी भुगतान नहीं करने की शिकायत करने सम्बन्धी प्रावधान का विवरण स्पष्ट रूप से अंकित किया जाएगा।

49. राज्य में लागू श्रम नियमों के अन्तर्गत अगने समस्त श्रमिकों का नियमानुसार ई.पी.एफ.एवं ई. एस. आई की राशि जमा कराने का दायित्व संवेदक का होगा।

50. संवेदक द्वारा श्रमिकों को देय राशि पर कार्य पर लागू होने पर वस्तु एवं सेवा कर (GST) की राशि अतिरिक्त रूप से देय होगी। सभी प्रकार के करो को जमा करवाने की जिम्मेदारी संवेदक की ही होगी। संवेदक द्वारा गत माह मे जमा कराये गये वस्तु एवं सेवा कर (GST) के चालान की प्रति आगामी माह के बिल के साथ अनिवार्य रूप से संलग्न की जायेगी। वस्तु एवं सेवा कर (GST) की राशि जमा कराने के प्रमाण स्वरूप चालान की प्रति प्रस्तुत नहीं किये जाने पर आगामी माह के बिल में वस्तु एवं सेवा कर (GST) का भुगतान नहीं किया जायेगा। उक्त स्थिति में वस्तु एवं सेवा कर (GST) के सम्बन्ध में उत्पन्न होने वाले किसी भी प्रकार के दायित्वों के निर्वहन का उत्तरदायित्व संवेदक का होगा।

51. श्रम विधि के अन्तर्गत निर्धारित नियमों, उपनियमों व अधिसूचनाओं तथा केन्द्र/राज्य सरकार द्वारा समय–समय पर जारी किये गये दिशा–निर्देशों की पालना करने का दायित्व संवेदक का ही होगा। श्रम विधि के अन्तर्गत निर्धारित नियमों उपनियमों, अधि- सूचनाओं, दिशा निर्देशों आदि की पालना नहीं करने की स्थिति में उसके परिणामों/दायित्वों के लिये संवेदक स्वयं उत्तरदायी होगा।

52. यदि संवेदक एवं कार्य पर लगाये गये श्रमिकों के मध्य कोई विवाद उत्पन्न होता है तो उसकी प्रबन्धकीय जिम्मेदारी संवेदक की होगी। इसके लिये उपापन संस्था का सक्षम प्राधिकारी न्यूनतम मजदूरी अधिनियम, 1948 एवं राजस्थान अनुबन्धित श्रमिक (नियमन एवं उन्मूलन) अधिनियम, 1970 का उचित प्रकार से तथा निष्ठापूर्वक पालन कराने के लिए उत्तरदायी होगा।

53. नियोजित श्रमिकों को 240 दिवस पूर्ण कर लिये जाने पर औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1974 में विहित प्रावधानों के अनुसार श्रम नियोजित श्रमिकों को हटाने, कार्यमुक्त करने, नोटिस वेतन, छंटनी, मुआवजा आदि देने का समस्त उत्तरदायित्व संवेदक का होगा।

54. कार्य सम्पादन अवधि के दौरान कार्य के संबंध/संदर्भ में किसी भी प्रकार की क्षतिपूर्ति या मुआवजा देने/ई.एस.आई करवाने/सामूहिक दुर्घटना बीमा कराने इत्यादि की जिम्मेदारी एवं दायित्व संवेदक का होगा, इसके लिये उपापन संस्था की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

14

55. यदि संवेदक द्वारा नियमानुसार निर्धारित न्यूनतम मजदूरी का भुगतान नहीं किए जाने की शिकायत उपापन संस्था को प्राप्त होती है तो उपापन संस्था इस संबंध में श्रम विभाग को अनिवार्य रूप से सूचित करेगी और, नियमानुसार आवश्यक होने की स्थिति में संवेदक को Debar कराने की कार्यवाही करेगी।
56. यदि किसी संस्था द्वारा कार्य की विशिष्ट प्रकृति के मद्देनजर किसी निर्धारित प्रतिशत में कोई अतिरिक्त राशि मानव संसाधन हेतु स्वीकृति करा रखी हो, तो उक्त अतिरिक्त राशि को न्यूनतम मजदूरी में सम्मिलित नहीं करते हुए, इसे पृथक से भुगतान हेतु अंकित किया जायेगा। उदाहरण के लिए यदि किसी उपापन संस्था द्वारा अतिरिक्त राशि के रूप में न्यूनतम मजदूरी का 10 प्रतिशत की सक्षम स्वीकृति प्राप्त कर रखी है तो न्यूनतम मजदूरी के ऊपर 10 प्रतिशत का पृथक से भुगतान संवेदक को किया जायेगा। उक्तानुसार विशिष्ट कार्य करने वाले सम्बन्धित श्रमिक को 10 प्रतिशत (न्यूनतम मजदूरी का) अतिरिक्त भुगतान करने का दायित्व सम्बन्धित संवेदक का होगा।
57. उपापन संस्था द्वारा संवेदक को कार्य आदेश जारी करने के पश्चात कार्यादेश की प्रति श्रम विभाग को सम्बन्धित जिला स्तरीय अधिकारी एवं श्रम विभाग मुख्यालय को अनिवार्य रूप से प्रेषित की जायेगी।
58. उद्यान क्षेत्र की सफाई एवं पेड पौधों की कटाई छटाई का कचरा व अन्य गन्दगी प्रतिदिन निर्धारित कचरा डिब्बों में डालनी होगी।
59. संवेदक कार्यादेश के पश्चात यदि वह कार्य को अधूरा छोडता है अथवा संतोषजनक तरीके से पूर्ण नहीं करता है तो ऐसी स्थिति में संवेदक को 7 दिवस का नोटिस जारी किया जायेगा, तत्पश्चात भी अगर स्थिति में सुधार नहीं करता है तो उस पर कुल बिल राशि की प्रथम बार 5 प्रतिशत शास्ति, द्वितीय बार 7 प्रतिशत शास्ति एवं तृतीय बार 10 प्रतिशत शास्ति लगायी जायेगी। यदि इसके बाद भी कार्य में सुधार नहीं आता है तो ठेका निरस्त किया जाकर प्रतिभूति राशि जब्त की जाकर फर्म को ब्लैक लिस्ट कर दिया जावेगा।
60. संवदेक द्वारा राजभवन स्थित बंगलों में उद्यान संधारण कार्य हेतु श्रमिकों से आवश्यकतानुसार कार्य करवाना होगा।
61. राजभवन उद्यान में पूर्ववर्ती बिन्दुओं में वर्णित कार्यो हेतु न्यूनतम 10 कुशल एवं 02 उच्च कुशल श्रमिक नियमित रूप से कार्य पर रखने होंगे। जरूरत के हिसाब से श्रमिकों की संख्या बढ़ाकर निर्धारित अवधि में कार्य संपादित करवाना होगा।
62. फर्म/फर्म मालिक यदि पूर्व में केन्द्रीय सरकार/किसी भी राज्य सरकार अथवा इनके किसी विभाग/उपक्रम/संस्था द्वारा एक से अधिक बार कार्य को अधूरा छोडने अथवा संतोषजनक तरीके से पूर्ण नहीं करने पर शास्ति लगायी जा कर वसूल की गई हो अथवा ब्लैक लिस्टेड किया हुआ है तो वह निविदा प्रक्रिया में भाग नहीं ले सकेगा।
63. राज्य सरकार द्वारा समय –समय पर लागू नियमों की पालना करनी होगी।
64. बोली के सम्बन्ध में किसी प्रकार के स्पष्टीकरण के सम्बन्ध में निम्नांकित अधिकारियों से सम्पर्क किया जा सकता है।

1. वित्तीय सलाहकार, राज्यपाल सचिवालय, राजभवन, जयपुर दूरभाष नं.–0141–2229500 ई–मेल– fa.rb.@rajasthan.gov.in
2. लेखाधिकारी राज्यपाल सचिवालय, राजभवन, जयपुर दूरभाष नं. 0141–2228716 ई–मेल–ao.rb@rajbhawan.gov.in

6/7/2020
( संध्या शर्मा )
वित्तीय सलाहकार
राज्यपाल सचिवालय

लेखाधिकारी

कन्ट्रोलर

सहायक सचिव

परिशिष्ट ''ब''

राज्यपाल सचिवालय,
राजभवन, जयपुर
(बोली प्रपत्र क्वालीफाईंग बिड़)

## घोषणा

बोली आमंत्रण कमांकः दिनांक :–

(I) **राजभवन, जयपुर के उद्यान में उद्यानिकी कार्य के लिए बोली**

(II) बोली प्रस्तुत करने वाली फर्म :–..........................................................................................

फर्म नाम व डाक का पूर्ण पता :– ..........................................................................................

दूरभाष एवं फैक्स नम्बर ईमेल सहित : ..........................................................................................

(III) बोली जिसे प्रस्तुत करनी है :– वित्तीय सलाहकार, राज्यपाल सचिवालय, राजभवन, जयपुर ।

(IV) सन्दर्भ :– बोली आमंत्रण संख्याः–.................................... दिनांक ...................... जो ....................
..........................................(समाचार पत्र का नाम) दिनांक .......................... में प्रकाशित हुई है ।

(V) **(अ)** बोली शुल्क :– राशि रूपये ...................... बैंकर चैक/डिमाण्ड ड्राफ्ट संख्या.......................
दिनांक .......................... द्वारा जमा करा दी गई है ।

**(ब)** प्रोसेसिंग फीस :–राशि रूपये.......................डीडी नं........................दि0................बोली प्रतिभूति शुल्कः–राशि रूपये...........................डीडी नं........................................दि0................जमा करा दी है।

(VI) हम बोली आमंत्रण संख्या ..............दिनांक ...................... में वर्णित सभी शर्तो से तथा विभागीय शर्तो से संबंधित परिशिष्ट ''अ,ब,स'' में वर्णित शर्तो से बाध्य होना स्वीकार करते है। परिशिष्ट ''अ,ब,स'' के समस्त पृष्ठों पर उनमें वर्णित शर्तो को स्वीकार किये जाने के प्रमाण–स्वरूप परिशिष्ट 'द' हस्ताक्षर कर दिये हैं तथा परिशिष्ट 'द' हस्ताक्षर शुदा संलग्न हैं।

(VII) हम सहमत हैं कि विभाग द्वारा निविदा सूचना में अंकित सप्लाई अवधि में समस्त माल/सेवाओं की सुपुर्दगी कर दी जाएगी ।

(VIII) हम सम्पुष्टि करते है कि ''प्राईस बिड'' में अंकित की गई दरें ''प्राईस बिड'' खुलने की तिथि से 90 दिन तक विधि मान्य है ।

(IX) हम सम्पुष्टि करते हैं कि '' बिड'' में अंकित दरें विस्तृत ई–बोली की मुख्यशर्तों परिशिष्ट ''अ''की शर्त संख्या 32, 34, 35, 58 व 60 में अंकित सम्पूर्ण कार्य के लिये हैं ।

(X) हम सम्पुष्टि करते हैं कि प्राईस बिड स्वीकार होने की सूचना से निर्धारित अवधि में निर्धारित प्रारूप में विभाग से करार निष्पादन करेगें, जिसके अभाव में बोली निरस्त योग्य है ।

14

(XI) बोलीदाता/संवेदक के विभिन्न पंजीकरण इत्यादि का विवरण निम्नानुसार है :-

| क्र. सं. | विवरण | रजि. नं0 | वर्ष | पंजीकरण दिनांक | संलग्नक क्रमांक |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | राजस्थान अनुबन्धित श्रमिक (नियमन एवं उन्मूलन) अधिनियम, 1970 के अन्तर्गत रजिस्ट्रेशन की प्रति। | | | | |
| 2 | कर्मचारी भविष्य निधि अधिनियम, 1952 के अन्तर्गत रजिस्ट्रेशन की प्रति। | | | | |
| 3 | कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम, 1948 के अन्तर्गत रजिस्ट्रेशन की प्रति। | | | | |
| 4 | माल एवं सेवाकर (GST) पंजीयन प्रमाण–पत्र की प्रति। | | | | |
| 5 | आयकर स्थाई खाता सं. (PAN) की प्रति। | | | | |
| 6 | राजस्थान दुकान एवं वाणिज्यिक संस्थान अधिनियम 1958 या<br>इंडियन पाटनरशिप एक्ट 1932 के अंतर्गत या<br>इंडियन कम्पनी एक्ट 1956 के अंतर्गत पंजीयन प्रमाण–पत्र की प्रति | | | | |
| 7 | सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान /केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत संवेदक(उपयुक्त श्रेणी) के पंजीयन प्रमाण–पत्र की प्रति | | | | |

(XII) बोलीदाता/संवेदक द्वारा गत दो वित्त वर्ष (2017–18, 2018–19) में केन्द्र/राज्य/राजकीय उपक्रम में उद्यानिकी कार्य हेतु न्यूनतम 12 श्रमिक / कार्यकर्ता उपलब्ध करवाये जाने का अनुभव आवश्यक है, जिनका निम्नलिखित विवरणानुसार निर्धारित कॉलम में अंकन कर संबंधित दस्तावेजों की स्वहस्ताक्षरित प्रति बोली दस्तावेजों के साथ लगानी होगी:-

| क्र.सं. | विभाग/संस्था का नाम | उद्यानिकी कार्य हेतु उपलब्ध करवाए गए श्रमिक/ कार्यकर्ताओं की संख्या | विभाग/संस्था से जारी संतोषजनक सेवा का प्रमाण पत्र का अंकन |
|---|---|---|---|
| | | | |
| | | | |
| | | | |

(XIII) बोलीदाता /संवेदक द्वारा गत दो वित्त वर्ष (2017–18, 2018–19) में से किसी एक वित्त वर्ष में न्यूनतम टर्नओवर राशि रूपए 15.00 (पन्द्रह) लाख होनी चाहिए, जिसके समर्थन में चार्टर्ड एकाउंटेड द्वारा जारी बैलेंससीट की स्वहस्ताक्षरित प्रति बोली दस्तावेजों के साथ संलग्न करनी होगी।

15

(XIV) हम सम्पुष्टि करते हैं कि आवश्यक दस्तावेज के अभाव में बोली निरस्त करने योग्य है। आवश्यक दस्तावेज संलग्न किये गये है जिनका विवरण निम्न प्रकार है:–

| S.N. | Type of Certificate & Other Informations | Yes/ No | Date of issue/ Validity |
|---|---|---|---|
| 1- | Whether Bid document fee is submitted with the technical Bid. Provide details: Banker Cheque/ DD no........ dt...................... Rs. ...................... | | |
| 2- | Whether Bid Security amount submitted with technical Bid. provide details: DD/Banker Cheque/Challan receipt no........ dt.......... amount ............... Rs. ........................ | | |
| 3- | Whether agreed with all Bid conditions | | |
| 4- | Whether annexure – A,B,C&D have been downloaded, signed and submitted with the technical bid | | |
| 5- | Whether experience Certificate for last two years enclosed with the technical bid | | |
| 6- | Bankers certificate regarding running bank account, if bidder has submitted Bid for the first time | | |
| 7- | The required copy of audited financial statements of last two years are enclosed with the technial bid | | |
| 8- | Whether the technical and financial bid have been submitted in differnt envelopes | | |
| 9- | Whether the copies of work orders and completion certificates in support of Two year working experience with VVIP Place government secretariat / Vidhan Sabha /JDA/Governor secretariat /Pwd banglows of vipse . | | |
| 10- | Whether the bidder has been penalized more than one time in past due to unsatisfactory performance of work or black listed by state government or its any department or public sector undertaking or autonomous body | | |

(XV) हमारे द्वारा प्रस्तुत उपरोक्त दस्तावेज हिन्दी अथवा अंग्रेजी भाषा में है तथा अन्य भाषा में होने पर उनका हिन्दी अथवा अंग्रेजी का प्रमाणित रूपान्तरण भी प्रस्तुत किया गया है ।

(XVI) हम सम्पुष्टि करते हैं कि प्राईस बिड हमारे द्वारा ई–बोली में निर्धारित तरीके से प्रस्तुत की गई है।

नोट :–

1. क्रम संख्या (XI) में अंकित संलग्नको में दस्तावेज प्रस्तुत किया है अथवा नही उसके आगे 'Yes' or 'No' उसके जारी होने की तिथि/( Issuing date Validity date) वैधता अवधि अंकित करना आवश्यक है इसका उतरदायित्व बोलीदाता का है इसके अभाव में बोली अमान्य कर दी जावेगी।

2. बोली भरने की प्रकिया :–

(ए) परिशिष्ट ''ब'' क्वालीफाईंग बिड है। क्वालीफाईंग बिड के साथ समस्त प्रमाण पत्र एवं परिशिष्ट ''अ'' ''स'' एवं ''द'' तथा अनुलग्नक अ,ब,स में अंकित शर्तो की स्वीकार्यता की सहमति के लिए परिशिष्ट 'द' एवं अनुलग्नक 'ब' डाऊनलोड करके उस पर हस्ताक्षर उपरान्त ई– बोली के साथ स्कैन करना होगा।

(बी) परिशिष्ट ''ई'' प्राईस बिड है उसे ई– बोली में निर्धारित प्रारूप में भरा जावे।

बोलीदाता के हस्ताक्षर
मय मोहर

लेखाधिकारी　　कन्ट्रोलर　　सहायक सचिव

परिशिष्ट–''स''

## राज्यपाल सचिवालय,
## राजभवन, जयपुर

**ई – बोली के लिए बोली एवं संविदा की सामान्य शर्तें**

**नोटः–** बोलीदाताओं को इन शर्तों को सावधानीपूर्वक पढ़ना चाहिये तथा ऑन लाईन इलैक्ट्रोनिक फोरमेट में वैबसाईड पर प्रस्तुत करते समय इनकी पूर्णरूपेण पालना करनी चाहिये।

1. **बोली भरने की प्रक्रियाः–** बोली सूचना में दी गई मुख्य शर्तों में अंकित है जिसकी पूर्ण पालना आवश्यक है ।

2. विभिन्न श्रेणी के बोलीदाताओं हेतु विशेष शर्तें :–

(अ) **राजस्थान में स्थापित लघु उद्योग ईकाई द्वारा बोली :–**

(i) लघु उद्योग ईकाई बोलीदाताओं के लिए लघु उद्योग ईकाई के रूप में, उद्योग विभाग, राजस्थान में, वैध पंजीकरण EM-II अभिस्वीकृति अथवा उद्योग आधार बोली जमा कराने की अंतिम तिथि से पूर्व का होना आवश्यक है। वैध पंजीकरण प्रमाण पत्र में बोली आइटम का नाम, बोली जमा कराने की अंतिम तिथि से पूर्व का होना चाहिए।

(ii) राजस्थान प्रोक्योरमेंट ऑफ गुड्स (प्रीफेरेन्स टू एमएसएमई ऑफ राजस्थान) नियम 2015 (अधि सूचना दिनांक 19.11.15) के नियम 4 के तहत राज्य के स्थानीय उद्योगों में मूल्य एवं क्रय वरीयता प्रदान की जावेगी। इस हेतु नियम 10 के तहत इन उद्यमों के संबंधित जिला उद्योग केन्द्र से निर्धारित प्रारूप 'ए' में जारी (PPC) प्रमाण पत्र की प्रति ई–बोली के साथ स्केन कर प्रस्तुत करना होगा।

(iii) उक्त अधिघोषणा दिनांक 19.11.2015 के नियम 11 के तहत निर्धारित प्रपत्र 'ब' उत्पादन क्षमता का शपथ पत्र प्रस्तुत करना होगा।

(स) बोली आमंत्रण में अंकित आइटमों के लिए बोली, सम्बन्धित आईटम के निर्माता (वृहत/ मध्यम/लघु) या इनके निर्माता द्वारा प्राधिकृत डीलर/ऑथोराईज्ड डिस्ट्रीब्यूटर/ सोल सेलिंग एजेन्ट आदि को निर्माता द्वारा अधिकृत किया गया है, द्वारा दी जाएंगी। बोलीदाता द्वारा अपने स्टेटस के संबंध में बोली के साथ संलग्न परिशिष्ट– 'द' में घोषणा पत्र भरकर प्रस्तुत किया जावेगा।

3. (i) फर्म आदि के गठन में किसी भी परिवर्तन की सूचना वित्तीय सलाहकार, राज्यपाल सचिवालय, राजभवन, जयपुर को लिखित में बोलीदाता द्वारा दी जाएगी तथा इस परिवर्तन से संविदा के अधीन किसी भी दायित्व से फर्म के पहले के सदस्य/सदस्यों को मुक्त नही किया जाएगा ।

(ii) संविदा के संबंध में फर्म में किसी भी नये भागीदार/भागीदारों को बोलीदाता द्वारा फर्म में तब तक स्वीकार नही किया जाएगा जब तक कि वे इसकी समस्त शर्तों को मानने के लिए लिखित रूप से बाध्य नही हो जाते एवं वित्तीय सलाहकार, राज्यपाल सचिवालय, राजभवन, जयपुर को इस संबंध में लिखित इकरारनामा प्रस्तुत नही कर देते। प्राप्ति स्वीकृति के लिए ठेकेदार की रसीद या बाद में उपरोक्त रूप से स्वीकार की गई किसी भागीदार की रसीद उन सबकों बाध्य करेगी तथा संविदा के किसी प्रयोजन के लिए वह पर्याप्त रूप से उन्मुक्ति (डिस्चार्ज) होगी।

4. बोलीदाता बोली एवं बोली की समस्त शर्तों को स्वीकार करने के प्रमाण स्वरूप परिशिष्ट–'द' एवं अनुलग्नक 'ब' डाऊन लोड करने के बाद अपने हस्ताक्षर उपरान्त ई– बोली के साथ

14

प्रस्तुत करें। यदि बोलीदाता द्वारा उक्तानुसार परिशिष्ट 'द' एवं अनुलग्नक 'ब' स्कैन करके प्रस्तुत नहीं किया गया है तो बोली निरस्त कर दी जावेगी।

5. यदि कोई बोलीदाता किसी वित्तीय वर्ष की सप्लाई करने या आंशिक सप्लाई करने में असफल रहता है तो वह उस वित्तीय वर्ष से आगामी तीन वित्तीय वर्ष तक विभागीय बोलियों में भाग लेने के लिए योग्य नहीं होगा।

6. **दरें :–**

I. बोली में दरे शब्दो एवं अंको दोनो रूप में लिखी जावेंगी। इसमें कोई त्रुटि (Errors) एवं उपरिलेखन (Overwriting) नही होना चाहिये। यदि कोई शुद्धि करनी हो तो स्पष्ट रूप से की जानी चाहिये एवं दिनांक सहित उन पर लघु हस्ताक्षर किये जाने चाहिए।

II. बोली मूल्याकंन समिति निम्नलिखित आधार पर सारभूत रूप से प्रत्युत्तर दायी बोलियों में अंकगणितीय त्रुटियों का सुधार करेगी :–

a. (क) ईकाई मूल्य (Unite Price) और कुल मूल्य (Total Price) जो ईकाई मूल्य और मात्रा को गुणा करने पर प्राप्त होता है, के मध्य यदि कोई विसंगति हो तो ईकाई मूल्य प्रभावी (Prevail) होगा। अर्थात ईकाई मूल्य स्वीकार किया जावेगा और कुल मूल्य में सुधार किया जावेगा। जब तक कि बोली मूल्याकंन समिति की राय में ईकाई मूल्य में दशमलव बिन्दु की स्थिति में स्पष्ट गलती रह गई है, ऐसे मामलों में उत्कथित कुल मूल्य प्रभावी होगा और ईकाई मूल्य में सुधार किया जावेगा।

b. (ख) यदि योग के घटकों को जोड़ने या घटाने के कारण योग में त्रुटि रह गयी है तो घटक (Sub Total) प्रभावी (Prevail) होंगे और कुल योग में सुधार किया जावेगा।

c. (ग) यदि शब्दों और अंको के मध्य कोई विसंगति है तो शब्दों में व्यक्त की गई रकम तब तक प्रभावी होगी जब तक कि शब्दों में अभिव्यक्त रकम कोई अंक गणितीय त्रुटि से संबंधित न हो।

i. ऐसे मामलों में उपर्युक्त खण्ड (क) और (ख) के अध्यधीन न रहते हुए अंको में अभिव्यक्त रकम प्रभावी होगी।

III. बोली में दर अंकित करते समय GST अलग से अंकित की जावे व GST की कुल राशि या प्रतिशत अवश्य अंकित की जावे । अस्पष्ट वाक्य, जैसे "टैक्स पैड" "कर सहित" "एज एप्लीकेबल" का प्रयोग नहीं किया जावे । टैक्स में रियायत मिली हुई है तो इस बात का स्पष्ट उल्लेख करें एवं इसका प्रमाण भी प्रस्तुत करे। यदि सरकार द्वारा GST में कालान्तर में बढोतरी या कमी की जाती है तो उसी के अनुसार भुगतान किया जावेगा।

IV. बोली में दर अंकित करते समय किसी भी प्रकार की रिबेट/छूट घटाकर शुद्ध दरें (NET) ही दी जावे

V. सप्लाई के समय अग्रिम भुगतान की शर्त स्वीकार्य नही होगी। अतः बोली में दर अंकित करते समय अग्रिम भुगतान की शर्त नही दी जावे। यदि अग्रिम भुगतान की शर्त लगाई जाती है तो सशर्त बोली मानकर निरस्त कर दी जावेगी।

VI. सप्लाई के समय माल प्राप्त होने पर निरीक्षण उपरान्त माल विभागीय स्पेशिफिकेशन/सैम्पल के अनुसार पाये जाने पर यथाशीघ्र भुगतान कर दिया जावेगा। अतः बोली में दर अंकित करते समय माल की सप्लाई के पूर्ण करने पर भुगतान हेतु समय सीमा की शर्त अंकित नही की जावे। यदि भुगतान हेतु समय सीमा अंकित की जावेगी तो सशर्त बोली मानकर निरस्त की जा सकेगी।

VII. विभागीय सप्लाई अवधि के अनुसार ही बोली में दरें अंकित की जावें। विभागीय सप्लाई अवधि के अनुसार नही दी गई दरें अमान्य होगीं व बोली निरस्त की जा सकेगी ।

VIII. बोली दरें खुलने के पश्चात यदि कोई बोलीदाता अपने आप दर में कमी करता है तो वह प्रस्तावों में उपान्तरण माना जावेगा। जिसके कारण उसकी बोली निरस्त कर धरोहर राशि जब्त कर ली जावेगी ।

14

IX. बोलीदाता द्वारा बोली आमंत्रण में अंकित पूर्ण मात्रा हेतु बोली दी जावेगी। बोली आमंत्रण में अंकित मात्रा से कम मात्रा हेतु दी गई बोली मान्य नही होगी। जिसके आधार पर बोली निरस्त कर दी जावेगी।

X. किसी आईटम की विभिन्न साईज है तो प्राईस बिड में सभी साईज की एक ही दर अंकित की जावे। यदि विभिन्न साईज की अलग–अलग दरें अंकित की जावेगी तो उसकी बोली अमान्य की जावेगी ।

7. **दरों की तुलना:–**

(i) राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता नियम 2013 के नियम 66 के अनुसार राजस्थान के बाहर स्थित फर्म एवं राजस्थान में स्थित फर्म द्वारा दी गई दरों की तुलना के समय राजस्थान की फर्मो द्वारा प्रस्तुत की गई दरों में राजस्थान वैट को दरों मे शामिल नही किया जावेगा जबकि राजस्थान से बाहर की फर्मों की दरों में केन्द्रीय विक्रीकर को शामिल किया जाऐगा ।

(ii) राजस्थान प्रोक्योरमेंट ऑफ गुड्स (प्रीफरेन्स टू एमएसएमई ऑफ राजस्थान) नियम 2015 (अधिसूचना दिनांक 19.11.2015) के नियम 4 के तहत राज्य के स्थानीय उद्यमों को मूल्य एवं क्रय वरीयता प्रदान की जावेगी। इस हेतु नियम 10 के तहत सम्बन्धित जिला उद्योग केन्द्र से जारी निर्धारित प्रपत्र 'ए' में पीपीसी प्रमाण पत्र की प्रति प्रस्तुत करनी होगी। राजस्थान के उद्योगो द्वारा उत्पादित/विनिर्मित माल को राजस्थान के बाहर के उद्योगो द्वारा उत्पादित/विनिर्मित माल पर राज्य सरकार द्वारा समय–समय पर जारी निर्देशों के तहत मूल्य एवं क्रय वरीयता दी जावेगी।

(iii) राजस्थान प्रोक्योरमेंट ऑफ गुड्स (प्रीफरेन्स टू एमएसएमई ऑफ राजस्थान) नियम 2015 (अधिसूचना दिनांक 19.11.2015) के अनुसार यदि सामान के प्रदाय का प्रस्ताव करने वाला कोई बोलीदाता राजस्थान में अवस्थित कोई डीलर है और बोली मूल्य राजस्थान के उद्योगो द्वारा प्रस्तावित दरों के बराबर है और सामान की किस्म और विनिर्देश वही है तो राजस्थान के उद्योगों को ऐसे स्थानीय डीलर पर क्रय अधिमान दिया जावेगा।

(iv) राज्य सरकार द्वारा समय समय पर प्रसारित निर्देशों को दृष्टिगत रखते हुए भी दरों की तुलना की जावेगी ।

8. **बातचीत (Negotiation) :–**

(i) जहाँ तक संभव हो बोलीदाताओं से कोई बातचीत (Negotiation) नहीं की जावेगी, किन्तु निम्न परिस्थितियों में केवल न्यूनतम या अधिकतम लाभप्रद बोली लगाने वाले से बातचीत की जा सकेगी :–

(क) जब बोली लगाने वालों के द्वारा मिलकर समूह कीमतें (Ring Price) दी गई हो या

(ख) जब प्रस्तुत दर एवं प्रचलित बाजार दरों में भारी अन्तर हो।

(ii) न्यूनतम या अधिकतम लाभप्रद बोली लगाने वाले को बातचीत (Negotiation) के लिए बुलाने के लिए न्यूनतम 7 दिवस का समय दिया जावेगा। किन्तु अत्यावश्यकता की स्थिति में मूल्यांकन समिति उक्त समय सीमा को कम कर सकेगी, बशर्ते न्यूनतम या सर्वाधिक लाभप्रद बोली लगाने वाले को सूचना प्राप्त हो गई हो।

9. **बोली की विधि मान्यता:–**

दरों की वैधता प्राईस बिड खुलने की तिथि से 90 दिन की अवधि के लिए विधि मान्य होगी। निर्धारित विधि मान्यता की अवधि से कम अवधि के लिए कोई बोली गैर प्रत्युत्तरदायी (Non-Responsive bid) के रूप में मानकर अस्वीकार कर दी जावेगी।

(14)

10. बोलीदाता अपनी संविदा को या उसके किसी सारवान भाग को किसी अन्य एजेन्सी के लिए नहीं सौपेगा या उप भाडे (Sub-let) पर नहीं देगा ।

11. निरीक्षण एवं परीक्षण :-

(i) (A) वित्तीय सलाहकार राज्यपाल सचिवालय या उसका विधिवत प्राधिकृत प्रतिनिधि सभी युक्तियुक्त उचित समयों पर सप्लायर के परिसर में जा सकेगा तथा वह संबंधित वस्तु के विनिर्माण के समय या उसके पश्चात जैसा भी निश्चित किया जाऐगा, माल/उपकरण/मशीनरी की सामग्री एवं कर्मकौशल का निरीक्षण एवं जांच कर सकेगा ।

(B) राजस्थान प्रोक्योरमेंट ऑफ गुड्स (प्रीफरेन्स टू एमएसएमई ऑफ राजस्थान) नियम 2015 (अधिसूचना दिनांक 19.11.2015) के अनुसार राजस्थान की लघु उद्योग ईकाई की क्षमता हेतु उत्पादन ईकाई का राज्य सरकार के आदेश सप्लाई आदेश से पूर्व निरीक्षण विभागीय निरीक्षण कमेटी द्वारा सुनिश्चित कर किया जावेगा ।

(ii) बोलीदाता अपने कार्यालय के परिसर, गोदाम,वर्कशाप का पूर्ण पता देगा जहां सप्लाई होने वाले माल का निरीक्षण किया जा सके तथा उन व्यक्तियो के नाम व पते देगा जिनसे इस संबंध मे सम्पर्क किया जावे । व्यवसाय में नये प्रविष्ट होने वाले डीलर को अपने बैकर्स से एक परिचय पत्र प्रस्तुत करना आवश्यक होगा ।

(iii) सप्लाई प्राप्ति के समय यह सुनिश्चित करने के लिए निरीक्षण व जांच की जावेगी कि वे निर्धारित स्पेसिफिकेशन के अनुरूप है या नही । जहाँ आवश्यक हो, प्रावधित किया गया हो या व्यवहारिक हो, वहाँ परीक्षण सरकारी प्रयोगशालाओ/प्रतिष्ठित परीक्षण गृहो में करवाया जावेगा तथा परीक्षण पर यदि सामान विहित स्पेसिफिकेशन के स्तर के अनुरूप पाया जाऐगा तो उन्हे स्वीकार किया जाएगा ।

(iv) परीक्षण प्रभार :- बोलीदाता से सामान प्राप्त होने पर विभाग द्वारा जिस सामान का परीक्षण कराया जायेगा उसके परीक्षण प्रभार सरकार द्वारा वहन किये जावेंगे । यदि परीक्षण परिणामों से यह ज्ञात हो कि सप्लाई किया गया समान विहित स्तर या स्पेसिफिकेशन के अनुसार नही है तो, परीक्षण प्रभार बोलीदाता द्वारा वहन किये जावेंगे।

(v) निरीक्षण प्रभार:- विभाग द्वारा जिन वस्तुओं की प्रदायगी सरकारी प्रयोगशाला/प्रतिष्ठित निरीक्षण गृहो से निरीक्षण (Inspection) उपरान्त ही प्राप्त की जावेगी,, उन वस्तुओं का निरीक्षण बोलीदाता द्वारा कराये जाने पर निरीक्षण की एवज मे देय निरीक्षण प्रभार की राशि का भुगतान विभाग द्वारा किया जावेगा इस हेतु बोलीदाता को सरकारी प्रयोगशाला/प्रतिष्ठित निरीक्षण गृहो में जमा कराई गई राशि की रसीद प्रस्तुत करनी होगी

(vi) रद्द करना (Rejection):- निरीक्षण या परीक्षण के दौरान जो वस्तुऐ अनुमोदित नहीं की जाऐगी उन्हे रद्द किया जावेगा तथा बोलीदाता द्वारा क्रय आदेश में निर्धारित सप्लाई अवधि में ही स्वयं की लागत पर उन्हे बदला जावेगा ।

(vii) यदि रद्द किये गये सामान को जनहित/सरकारी कार्य की तात्कालिक आवश्यकता के कारण पूर्ण या आंशिक रूप से बदलना साध्य (Feasible) नही समझा जावे तो विभागीय क्रय समिति बोलीदाता को सुनवाई का एक उचित अवसर देकर तथा कारणों को अभिलिखित करके, अनुमोदित दरों में से उपयुक्त राशि की कटोती कर सकेंगें । इस प्रकार की गई कटौती अंतिम होगी ।

(viii) आपूर्ति किया गया माल/आईटम निर्धारित स्पेसिफिकेशन अथवा वांछित गुणवत्ता का नहीं पाये जाने पर बोलीदाता के विरूद्व विभाग आपराधिक एवं दीवानी कार्यवाही करने के लिए सक्षम होगा ।

12- बोलीदाता या उसके प्रतिनिधि की ओर से प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से अपना पक्ष समर्थन कराना एक प्रकार की अनर्हता (Disqualification) होगी ।

13- माल (Goods) एवं सेवाओं (Services) के परिमाण (मात्रा) वृद्धि एवं पुनरादेश (Repeat Orders)

(i) यदि उपापन संस्था परिस्थितियों में परिवर्तन के कारण कोई माल/सेवा का उपापन नहीं करती है या विनिर्दिष्ट मात्रा से कम अप्राप्त करती है तो बोली लगाने वाला किसी भी दावें या प्रतिकर का हकदार नहीं होगा।

(ii) अतिरिक्त मदों (Items) या अतिरिक्त मात्रा के लिए पुनरादेश (Repeat Orders), संविदा में दी गई दरों और शर्तो पर दिये जा सकेंगे यदि मूल आदेश खुली प्रतियोगी बोलियों आमंत्रित करने के पश्चात् दिया गया है। प्रदायगी या कार्य पूर्ण करने की अवधि भी आनुपातिक रूप से बढाई जा सकेगी। पुनरादेश किसी भी स्थिति में मूल संविदा के माल या सेवाओं के मूल्य का 50% से अधिक नहीं होगा।

(iii) पुनरादेश अन्तिम प्रदायगी समाप्त होने की दिनांक से एक माह के बाद पुनरादेश के लिए ऐसे प्रदायगी आदेश नहीं दिये जावेंगे। यदि बोलीदाता ऐसी सप्लाई करने में असमर्थ रहता है तो विभाग सामान की सप्लाई की व्यवस्था सीमित निविदा द्वारा या अन्य प्रकार से करने के लिए स्वतंत्र होगा तथा जो भी अतिरिक्त लागत आऐगी उसकी वसूली बोलीदाता से की जायेगी।

14- **संविदा के अधिनिर्णय (Award of Contract) के समय एक से अधिक बोलीदाताओं के मध्य विनिर्दिष्ट मात्रा का विभाजन** :-सामान्यतः उपापन की विषयवस्तु (मात्रा/सेवा) की समस्त मात्रा उस बोलीदाता से उपाप्त (क्रय) की जावेगी जिसकी निविदा (बोली) स्वीकार की गई है। तथापि जब यह समझा जावे कि उपाप्त की जाने वाली उपापन की विषयवस्तु की मात्रा बहुत अधिक है और इस सम्पूर्ण मात्रा प्रदाय करना उस बोली लगाने वाले की क्षमता में नहीं हो सकेगा जिसकी बोली स्वीकार की गई है या जब यह समझा जावे कि उपापन की विषयवस्तु गंभीर और महत्वपूर्ण प्रकृति की है तो ऐसे मामलों में वस्तु की मात्रा को, प्रथम न्यूनतम बोलीदाता जिसकी बोली स्वीकार की गई और द्वितीय निम्नतम बोलीदाता या इसी क्रम में और भी बोली लगाने वालों के मध्य अनुमोदित बोलीदाता की दरों पर ऋजु (Fair) पारदर्शी और साम्यापूर्ण रीति से विभाजित किया जा सकेगा।

15- बोली प्रतिभूति (Bid Security) राशि :-

